www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार, 10 मार्च 2026

सुविचार



यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।

- महर्षि अरविन्द

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- किशोरी के हत्यारोपी से चार घंटे हुई पूछताछ II
- मौला-ए-कायनात की याद में निकाला गिलीम के ताबूत का जुलूस III
- लखनऊ मेट्रो चैंपियन ने जीता इंटर रीजन टी-20 खिताब IV



**रमजान का 20वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:00 | सुन्नी : 6:15 |
| शिया : 4:50 | शिया : 6:24 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**शहर में आज**



- लखनऊ विश्वविद्यालय के फैक्ल्टी ऑफ योग व अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग की ओर से योग सप्ताह के अंतर्गत योग कार्यक्रम- 7:00 बजे से।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी की अध्यक्षता में सभी एडीओ और सचिवों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक-10:00 बजे से।
- डीएवी डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति में काव्य पाठ, वाद-विवाद और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन- 11:00बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# संस्कृत नाटक आश्वासनम् में दिखाया राजनीति का भ्रष्टाचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया गया मंचन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान और विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर संस्था की ओर से सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में संस्कृत नाटक आश्वासनम् का मंचन किया गया। डॉ. ओम प्रकाश त्रिपाठी (शास्त्री) द्वारा लिखित और चन्द्रभाष सिंह द्वारा निर्देशित इस नाटक को मोहित कुमार के मार्गदर्शन में 15 दिवसीय प्रस्तुतिपरक कार्यशाला में तैयार किया गया।

नाटक आश्वासनम चाणक्य की कही बात यथा राजा तथा प्रजा देखने को मिलती है। इस कथन के अनुसार नेता के समीपवर्ती लोग भी नेता की ही तरह ही भ्रष्टाचारी बन जाते हैं। भ्रष्टाचार के कारण ही जो पद किसी योग्यता पूर्ण व्यक्ति को मिलना चाहिए वह उसे ना मिलकर नेता के सगे संबंधी अथवा उसके अयोग्य चाटुकार को मिल जाता है। नाटक आश्वासनम् एक शिक्षित बेरोजगार के इर्दगिर्द घूमता है। मेधावी युवक को समाज के जिम्मेदार लोगों से लगातार आश्वासन पर आश्वासन मिलते रहते हैं, लेकिन जीविका नहीं मिलती।

मौजूदा समय में युवाओं के बेरोजगार होने का सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार ही है, जिसके कारण युवा गलत कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं। नाटक यही संदेश देता है कि देश को आगे बढ़ाना है तो भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना होगा। नाटक में दिखाया गया है कि किस प्रकार एक भ्रष्टाचारी नेता सेवा के नाम पर गलत काम करता है, रुपये लेकर लोगों को नौकरी दिलवाता है। जब एक योग्य नवजवान उसके पास थक हार कर मदद मांगने जाता है तो वह उसे आश्वासन देकर वापस भेज देता है परन्तु दूसरा व्यक्ति जो उसे सुविधा शुल्क के रूप में रिश्वत देता है उसकी नौकरी लगवा देता है, ये सब देखकर नवयुवक हताश होकर आत्महत्या करने की सोचता है तभी उसका मित्र उसे समझाता है कि सरकारी नौकरी ही सब कुछ नहीं है हमें स्वयं नए रास्ते तलाशने होंगे और भ्रष्ट लोगों को पनपने से रोकना होगा। नाटक में कृष्ण कुमार पाण्डेय, समीर बागची, करण दीक्षित, मुस्कान सोनी, लता वाजपेयी, प्रेम कुमार, श्याम बाबू वर्मा, नरेंद्र पाठक, जूही कुमारी, अभिषेक, अगम्य वाजपेयी, उन्नत बहादुर सिंह, नीलम मसीह, सुमन लता, अर्जुन सिंह और प्रिया वाजपेयी ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।



अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में संस्कृत नाटक आश्वासनम् का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## कई इलाकों में आज रहेगा बिजली संकट

**अमृत विचार, लखनऊः** कई क्षेत्रों में मंगलवार को मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। इससे डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। अहिबरनपुर उपकेंद्र के रेती मोहल्ला में सुबह 10 से 11: 30 बजे तक , जीटीआई उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक संतोषी माता मंदिर, सुनार वाली गली, ग्रेन मार्केट की आपूर्ति बंद रहेगी। कपूरथला उपकेंद्र के सेक्टर-ए, सेक्टर-बी, सेक्टर-ई, अलीगंज, एलडीए मार्केट, चंद्रलोक कॉलोनी में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, निराला नगर उपकेंद्र से जुड़े विवेकानंदपुरी कॉलोनी, रामकृष्ण मार्ग, महानगर रेलवे क्रॉसिंग और आईटी चौराहा में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। पुरनिया उपकेंद्र सेक्टर-के में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और गोमतीनगर के विपिनखंड उपकेंद्र से जुड़े विशालखंड, विपुलखंड में सुबह 10 से 11 बजे तक बिजली नहीं रहेगी।

# फरियादियों को लिफ्ट नहीं करा पा रहा नगर निगम, भूतल पर जनता दरबार

### सीढ़ियां चढ़कर त्रिलोकनाथ हॉल तक पहुंचने में फूली महापौर सुषमा खर्कवाल की सांसें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम समस्याएं लेकर आने वाले फरियादियों को दो मंजिल तक लिफ्ट नहीं करा पा रहा है। सीढ़ियां चढ़कर ऊपर तक पहुंचने में फरियादियों की सांसें फूल जाती हैं, बुजुर्ग फरियादियों को तो सीढ़ियों पर कई जगह बैठना पड़ता है। अधिकारी लिफ्ट नहीं सुधरवा रहे हैं, फरियादियों का दर्द देख महापौर ने अब भूतल पर जनता दरबार लगाने का निर्णय लिया है।

नगर निगम का संपूर्ण समाधान दिवस शुक्रवार को दो मंजिल ऊपर बने त्रिलोकनाथ हॉल में लगाया जाता है। ऊपर पहुंचने के लिए लगी लिफ्ट करीब एक महीने से खराब पड़ी है। इस बार के संपूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या बुजुर्ग फरियादी पहुंचे थे। इन फरियादियों को जनता दरबार तक आने में बहुत परेशानी हुई। बुजुर्ग फरियादी हांफते हुए सीढ़ियों पर कई जगह बैठकर जैसे तैसे पहुंच पाए थे। महापौर ने अधिकारियों को लिफ्ट की मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे, किंतु सोमवार को भी लिफ्ट ठीक नहीं कराई गई।

नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ ने सोमवार को त्रिलोकनाथ हॉल में ही होली मिलन समारोह का आयोजन किया। महापौर को सीढियां से हॉल तक जाना पड़ा। सीढ़ियां चढ़ने में उनकी सांसें फूल गईं, तो उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही से अब जनता को परेशानी नहीं होने दूंगी। अब जनता दरबार भूतल पर बने पोर्च में लगाया जाएगा। दरअसल लिफ्ट की मरम्मत का मामला दो अधिकारियों के बीच फंसा है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने भी इस मामले से दूरी बना ली है। जनता की समस्या दूर करने की जगह उन्होंने मुख्यालय की जगह गोमती नगर स्थित स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) में अपना कार्यालय बना लिया है।



होली मिलन समारोह में महापौर को पुष्पगुच्छ देते पार्षद व कर्मचारी नेता।

### सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई समारोह आज

- नगर निगम से 28 फरवरी को सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विदाई समारोह मंगलवार को मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हॉल में दोपहर 12 बजे से होगा। पहले इसकी तिथि 9 मार्च को निर्धारित थी। कार्यालय अधीक्षक अधिष्ठान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 25 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करने के साथ उनके देयकों का भुगतान किया जाएगा।

### अगले वर्ष एक साथ कराएंगे होली मिलन समारोह : महापौर

- **अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में सोमवार को नगर निगम जलकल कर्मचारी संघ ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें फूलों की होली खेली गई और कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि अभी नगर निगम के विभिन्न संगठन, पार्षद और अन्य संस्थाएं अलग-अलग होली मिलन कार्यक्रम करते हैं। अगले वर्ष से होली मिलन एक साथ करने का प्रयास किया जाएगा। इससे पहले नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द कुमार मिश्र, महामंत्री कैसर रजा तथा उत्तर प्रदेश स्थानीय कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने महापौर एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। नगर आयुक्त गौरव कुमार, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी और पार्षद उपस्थित रहे। इस अवसर पर कर्मचारियों ने



जलकल कर्मचारी संघ के होली मिलन समारोह में मौजूद कर्मचारी व अन्य लोग।

### भूलभुलैया और पिक्चर गैलरी कल बंद

- **अमृत विचार,लखनऊ :** भूलभुलैया, बड़ा इमामबाड़ा और पिक्चर गैलरी बुधवार, 11 मार्च को पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। यह जानकारी अपर नगर मजिस्ट्रेट पंचम व प्रभारी अधिकारी हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट ने दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी 11 मार्च अर्थात 21 रमजानुल मुबारक, 1447 हिजरी को बड़ा इमामबाड़ा स्थित भूलभुलैया एवं बावली, छोटा इमामबाड़ा स्थित शाही हम्माम तथा पिक्चर गैलरी बंद रहेंगे।



पंजाबी गायक बादशाह के गाने में अश्लीलता के विरोध में हजरतगंज चौराहे पर प्रदर्शन करते साधु। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### कुष्ठ रोगियों को खोजने का अभियान शुरू

**अमृत विचार,लखनऊ :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार से मरीजों को खोजने के अभियान की शुरुआत हुई। इंदिरानगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर टीमों को रवाना किया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने कहा कि मरीजों को खोजने का अभियान 23 मार्च तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों की जांच करेंगी। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. एके सिंघल ने कहा कि अभियान के लिए दो सदस्यीय 4600 टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में एक पुरुष और एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

### वार्ड विकास निधि से बनने लगी गली

**अमृत विचार,लखनऊ :** नटखेड़ा रोड आलमबाग में सोमवार को खस्ताहाल सड़क का निर्माण वार्ड विकास निधि से शुरू हो गया। गुरुनानक वार्ड के पार्षद पीयूष दीवान ने नारियल फोड़कर नटखेड़ा रोड की गली का कार्य शुरू कराया। नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा सहित क्षेत्र के व्यापारी परमजीत सिंह, गुरजीत अरोड़ा, विनय अग्रवाल, मोहित जुनेजा और वैभव अभिलाष समेत क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे। उन्होंने पार्षद का माल्यार्पण करने के साथ मुंह मीठा कराया। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने कहा कि लंबे समय से गली की मरम्मत और निर्माण की मांग की जा रही थी। अब कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों और व्यापारियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

## जल संस्थान में फर्जी प्रमाणपत्र से पदोन्नति का आरोप

**अमृत विचार,लखनऊ :** जल संस्थान में फर्जी आईटीआई प्रमाणपत्र लगाकर और जन्म तिथि के आधार पर पदोन्नति का आरोप लगा है। लखनऊ जल संस्थान कर्मचारी परिषद के महामंत्री हरीश कुमार ने इसकी लिखित शिकायत की है। उन्होंने जिलाधिकारी विशाख जी और नगर आयुक्त गौरव कुमार को पत्र लिखकर ऐसे कर्मचारियों की एसआईटी जांच कराने की मांग की है।

महामंत्री ने पत्र में लिखा है कि जल संस्थान जो अब जलकल के नाम से जाना जाता है उसमें करीब 539 पंप चालकों द्वारा फर्जी आईटीआई प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने के साथ जन्मतिथि के आधार पर पदोन्नति पा ली है। जल संस्थान में बड़े पैमाने पर हुए इस भ्रष्टाचार की जांच की जानी चाहिए। एसआईटी द्वारा दस्तावेजों की जांच में बड़ा खुलासा हो सकता है। फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने वाले और पदोन्नति पाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# 13 को हो सकता ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन 13 मार्च को कराने की तैयारी। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने उद्घाटन करने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से पत्राचार करके समय मांगा है। साथ ही कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। यदि रक्षामंत्री स्तर से समय मिला तो डालीगंज से समतामूलक चौक तक तैयार नये लेन का उद्घाटन करने लोगों के लिए खोल दिया जाएगा।

एलडीए ने फेज-2 में डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक करीब सात किमी का ग्रीन कॉरिडोर बनाया है। जिसका उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के हाथों होना है। साथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। दिसंबर से किसी न किसी कारण और व्यस्तता की वजह से कार्यक्रम टल रहा है। इस बार 28 फरवरी को उद्घाटन की एलडीए ने पूरी तैयारी कर रखी थी, उसके एक दिन पहले कार्यक्रम स्थगित हो गया था। अब 13 मार्च को उद्घाटन की तैयारी है। मंगलवार को रक्षामंत्री के कार्यक्रम की स्थिति साफ हो जाएगी।

### दूसरे व तीसरे चरण का काम तेज

- चार चरण में 28 किमी का ग्रीन कॉरिडोर आईआईएम रोड से किसान पथ से जुड़ेगा। पहले चरण में आईआईएम रोड से डालीगंज तक लेन संचालित है। दूसरे चरण में डालीगंज से समतामूलक चौक तक लेन तैयार है। तीसरे और चौथे चरण में समतामूलक चौक से लामार्टिनियर होते हुए किसान पथ तक बंधा रोड, फ्लाईओवर व ब्रिज आदि निर्माण तेज कर दिए हैं। शहीद पथ पर इकाना स्टेडियम के पास फ्लाईओवर बनेगा। शहीद पथ ग्रीन कॉरिडोर के इंटर सेक्शन पर फ्लाईओवर और क्लोवर लीफ भी बनेगा। चारोंचरण तैयार और संचालित होने के बाद बैकुंठधाम से 1090 होते हुए ला मार्टिनियर तक फ्लाईओवर बनेगा।

एलडीए

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में किसानों से स्वयं निकाली पर्ची

# आईटी सिटी में 350 किसानों को मिले 549 भूखंड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पांच सेक्टरों में 6 श्रेणी के विकसित भूखंड आवंटित

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने सोमवार को सुल्तानपुर रोड स्थित आईटी सिटी योजना की शुरुआत कर दी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में 350 किसानों को लॉटरी से 549 भूखंड आवंटित किए गए। किसानों से स्वयं पर्ची निकाली और नाम आते ही खुशी का ठिकाना नहीं लगा।

योजना के भूखंडों की पहली लॉटरी उन किसानों बीच कराई, जिन्होंने योजना में लैंड पूलिंग नीति के तहत निशुल्क जमीन दी है और बदले में उन्हें सेक्टर-15, 16, 17, 18 एवं 30 में नियोजित भूखंड दिए गए। लॉटरी में उन किसानों का चयन किया गया जिन्होंने जमीन देकर 31 जनवरी तक एलडीए के पक्ष में अनुबंध किया था। पारदर्शी प्रक्रिया के लिए यूट्यूब पर प्रसारण किया गया। लोगों ने घर प्रक्रिया देखी। अब नवरात्र पर भूमि पूजन के साथ योजना लांच करके आम लोगों के लिए भूखंडों के पंजीयन खोले जाएंगे। कार्यक्रम में अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा, अपर सचिव सीपी त्रिपाठी, विशेष कार्याधिकारी रविनंदन सिंह, प्रभारी-अर्जन आईटी सिटी विपिन कुमार शिवहरे रहे।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि 3490 एकड़ की योजना में 288, 200, 162, 128, 72 एवं 35 वर्गमीटर के 6 श्रेणी के आवासीय भूखंड की लॉटरी कराई गई। इसमें 288 वर्गमीटर के 251, 200 वर्गमीटर के 28, 162 वर्गमीटर के 26, 128 वर्गमीटर के 51, 72 वर्गमीटर के 93 एवं 35 वर्गमीटर के 100 विकसित भूखंडों का आवंटन किया गया। इसमें मोहनलालगंज तहसील के ग्राम परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, मोहारी खुर्द, मोहारीकला, रकीबाबाद, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा एवं सोनई कंजेहरा की जमीन सम्मिलित है। अब तक लैंड पूलिंग नीति के तहत करीब 550 एकड़ भूमि का एग्रीमेंट हुआ है।




इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मौजूद अधिकारी और किसान। अमृत विचार

# दो राजस्व निरीक्षक निलंबित, दो अधीक्षकों को दी प्रतिकूल प्रतिष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गृहकर वसूली की धीमी प्रगति और लापरवाही बरतने पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने दो राजस्व निरीक्षकों को निलंबित कर दिया है। इनमें अकेंद्रीयत सेवा के जोन-6 में तैनात राजस्व निरीक्षक इसरार और जोन-3 के शाहन हुसैन शामिल हैं। इसके साथ ही दो कर अधीक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। इनमें जोन-8 के कर अधीक्षक राम अचल और सुरेंद्र सिंह शामिल हैं। इन पर जल्द ही विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

वित्तीय वर्ष समाप्त होने में करीब 20 दिन शेष हैं। कर वसूली में धीमी प्रगति पर नगर आयुक्त अधिकारियों से नाराज थे। कम वसूली करने और गायब रहने से नगर आयुक्त का पारा चढ़ गया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी और कर अधीक्षकों की औचक बैठक रात 10 बजे गोमती नगर स्थित स्वच्छ भारत मिशन कार्यालय में बुलाई और अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को शत प्रतिशत वसूली का लक्ष्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।

### यूपीएसआईडीसी व उर्दू टीचिंग एंड रिसर्च सेंटर सील

- जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी ने बताया कि उर्दू टीचिंग एंड रिसर्च सेंटर के भवन को सील कर दिया गया है। संस्था के भवन पर 1 करोड़ 23 लाख 93 हजार 473 .92 रुपये गृहकर बकाया है। ट्रांसमिशन भवन पर 22 लाख 22 हजार 501 रुपये का गृहकर बकाया है। यूपीएसआईडीसी के भवन पर 52 लाख 735 .41 रुपये का गृहकर बकाया है।

### शिक्षा भवन का भी एक हिस्सा सील

- गृहकर जमा न करने पर नगर निगम की टीम ने वार्ड राजा बाजार के मोहल्ला जनता नगरी स्थित यूपी शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के खिलाफ कार्रवाई की। इस प्रतिष्ठान पर कुल 46,81,970 रुपये का गृहकर बकाया था। लंबे समय से भुगतान न होने के कारण नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रतिष्ठान को सील कर दिया। इसके अलावा उसी परिसर में स्थित माध्यमिक राज्य पुस्तकालय के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। जिसपर 17,68,619 रुपये का गृहकर बकाया था। इतना ही नहीं, राजकीय जिला पुस्तकालय पर 23,60,938 रुपये का गृहकर बकाया होने के कारण इसे निगम ने सील कर दिया।

## सिटी ब्रीफ

### टीले वाली मस्जिद के सामने ई-रिक्शा स्टैंड पर मिला अज्ञात शव



अमृत विचार, लखनऊ: चौक के टीले वाली मस्जिद के सामने ई-रिक्शा स्टैंड में सोमवार को एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार करीब साढ़े 12 बजे शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर रूमी गेट चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। शव मुंह के बल जमीन पर पड़ा था। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। शिनाख्त कराने की कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। शिनाख्त के लिए आसपास के थानों की पुलिस से संपर्क किया जा रहा है।

### विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान

अमृत विचार, आलमबाग: आलमबाग के गढ़ी कनौरा में रविवार रात एक विवाहिता ने घरेलू कलह से तंग आकर अपने घर में दुपट्टे का फंदा बना आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह परिजन ने फंदे से लटका देख आनन फानन में रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल ले जहां डॉक्टरों ने किया मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलमबाग के हरचनपुर गढ़ी कनौरा में रहने वाली स्मृति रावत (35) पत्नी जितेंद्र रावत ने अपने घर में पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फंदा बना आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची आलमबाग पुलिस ने विवाहिता को फंदे से उतार पास के ही रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के तीन बच्चे है। एसआई संदीप कुमार के मुताबिक मृतका आशियाना स्थित अपने मायके में अपने एक पूर्व परिचित युवक से अक्सर बातचीत किया करती थी। जिस कारण घर में आए दिन कलह होता रहता था और इस कलह से तंग आकर फांसी लगा अपनी जान दे दी। आलमबाग इंस्पेक्टर राम बाबू सिंह ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष से किसी प्रकार का कोई शिकायत नहीं मिला है। शिकायत मिलने पर विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

# किशोरी के हत्यारोपी से चार घंटे हुई पूछताछ

## ठाकुरगंज में बोकारो के पूर्व अधिकारी के घर में मिला था शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कारोबारी बेटे के खिलाफ दर्ज हुई थी हत्या की रिपोर्ट
- पुलिस की जांच में सामने आया कि फोन पर बात करने को लेकर भाई से हुआ था विवाद

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज में 14 वर्षीय किशोरी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी कारोबारी से चार घंटे पूछताछ की गई। आरोपी ने कई जानकारी दी। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। किशोरी के पिता के बयान दर्ज करेगी। इसके लिए उनका इंतजार किया जा रहा है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फंदे से लटकना पाया गया। पुलिस अब घटना स्थल का दोबारा निरीक्षण करेगी। ताकि सभी साक्ष्य जुटाए जा सके।

अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) पश्चिमी धनंजय सिंह के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फंदा लगाना पाया गया है। चिकित्सकों के पैनल की निगरानी में पोस्टमार्टम कराया गया और एहतियात के तौर पर स्लाइड भी तैयार कराई गई है। ऐसे में अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल के तथ्यों का मिलान कर जांच आगे बढ़ा रही है। वहीं सूत्र बताते हैं पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसके पिता की तबियत खराब है। वह घर में उन्हीं के साथ रहती थी। वह किसी से बात करती थी, जिसके लिए वह उनके पिता का मोबाइल का इस्तेमाल करती थी। तीन दिन पहले सीतापुर स्थित गांव से लौटने के बाद वह मोबाइल पर बात कर रही थी, तो भाई से विवाद हुआ था। उसके बाद से वह नाराज चल रही थी, पुलिस आशंका जता रही है कि उसी के चलते फंदे से लटककर तो जान नहीं देदी। फिलहाल सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है, ताकि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

ठाकुरगंज की जल निगम रोड स्थित एक कालोनी में रविवार को 14 वर्षीय किशोरी का शव उसके मालिक के मकान में फंदे से लटका मिला था। मकान मालकिन ने फोन कर किशोरी के पिता को आत्महत्या की सूचना दी थी। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव बेड पर रखा मिला। किशोरी के गले, हाथ और पैरों पर रगड़ के निशान देखकर परिजन भड़क उठे थे और मकान मालिक के बेटे पर दुष्कर्म के प्रयास के बाद हत्या करने का आरोप लगाया था। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जल निगम रोड जाम कर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन किया। इसपर पिता की तहरीर पर पुलिस ने मकान मालिक के बेटे के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। आरोपित एक निजी कंपनी में डाटा प्रबंधक बताया गया है।

### छिनैती करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: मड़ियांव व सैरपुर थाने की पुलिस ने मोबाइल झपट्टामारकर छीनने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का एक नाबालिग साथी भी पुलिस की पकड़ में आया है। आरोपियों के पास पुलिस ने छीने गये मोबाइल बरामद किये हैं।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी नकुल कश्यप उर्फ संजय है। वह सेक्टर-3 जानकीपुरम का रहने वाला है। वह सैलून में नाई का काम करता है। पुलिस के अनुसार बन्नौर निवासी कैलाश से 30 जून 2025 को दो बाइक सवार बदमाशों ने का मोबाइल छीन लिया था। मामले में ई-एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही थी। 8 मार्च को महादेव होटल चौराहे के पास चेकिंग के दौरान आरोपी को पकड़ा गया। उसके पास से वादी का मोबाइल बरामद हुआ।

वहीं, सैरपुर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनके साथ एक नाबालिग को भी पकड़ा। एसओ सैरपुर मनोज कोरी के मुताबिक सीतापुर के अरुण कुमार और लखीमपुर खीरी के विकास को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में एक नाबालिग भी था। पूछताछ में सामने आया कि बाइक से राहगीरों से मोबाइल झपट्टामारकर छीन लेते थे। जिसे बाद में बेच देते थे।

# मां-बेटों को बंधक बनाकर लूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाठी-डंडों से किया हमला, एक युवक घायल
- मड़ियांव के घैला गांव में छत के रास्ते घुसे थे बदमाश
- आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार:** सीतापुर रोड स्थित घैला गांव में शनिवार-रविवार की रात छत के रास्ते बदमाश घर में घुस गये। अंदर मां व दो बेटों को बंधक बना लिया। विरोध करने पर लाठी-डंडे से हमला किया। जिसमें एक युवक के सिर में गंभीर चोटें आई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों ने नकदी व लाखों रुपये के जेवर लूटकर भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है।

मड़ियांव के घैला गांव में गुड्डी देवी परिवार के साथ रहती है। घर के सामने ही दुकान चलाती है। गुड्डी देवी शनिवार-रविवार की रात करीब दो से तीन बजे के बीच कुछ बदमाश उनके घर की छत के रास्ते अंदर घुस आए। घर में घुसते ही बदमाशों ने उन्हें और उनके बेटों श्यामू प्रजापति व चंदन प्रजापति को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद तीनों के हाथ-पैर बांधकर कमरे में बंधक बना लिया। बदमाश घर में रखे 26 हजार रुपये नकद, एक जोड़ी सोने के बाला, सोने की अंगूठी, करीब छह ग्राम की सोने की चेन, सोने की बड़ी नथ और तीन छोटी नथ, चांदी की कमर पेटी, दो जोड़ी चांदी की पायजेब, चार जोड़ी चांदी की पायल तथा चांदी के लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां लूट ले गए। आरोप है कि बदमाशों ने पीड़िता के शरीर पर पहने पायल, बिछिया, नाक का बुंदा, कान के सोने के टाप्स और सोने का लाकेट और दोनों बेटों के गले में पड़ी चांदी की चेन भी उतार ली। विरोध करने पर बदमाशों ने श्यामू को बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां सिर में टांके लगाने पड़े। चंदन को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुताबिक बदमाशों की तलाश में अलग-अलग दो टीमें लगाई गई है, जिसके लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### डॉक्टर के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ: सैरपुर के ज्ञान सिटी कालोनी निवासी डॉ. प्रवीण कुमार राय के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवर, नकदी व लैपटॉप चोरी कर ले गये। पीड़ित ने इसकी शिकायत सैरपुर थाने में की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। ज्ञान सिटी कॉलोनी, अल्लूनगर डिगुरिया निवासी डॉ. प्रवीण कुमार राय के मुताबिक वह 2 मार्च को परिवार के साथ अपने गृह जनपद वाराणसी गए थे। 5 मार्च की शाम करीब सात बजे जब वह वापस घर लौटे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि घर के अंदर रखी दो अलमारियों के ताले भी तोड़े गए थे। अलमारी में रखी सोने की चेन, मंगलसूत्र, अंगूठियां, बालियां, लॉकेट, चांदी की पायलें, चांदी के बर्तन, घड़ी, एचपी कंपनी का लैपटॉप और नकदी गायब मिली। पीड़ित ने सैरपुर थाने में शिकायत की। एसओ सैरपुर मनोज कोरी के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# सरकारी जमीन कब्जाने वालों पर एफआईआर

संवाददाता सरोजनीनगर

- क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** नगर निगम के लेखपाल अजीत तिवारी ने सरकारी भूखंड पर कब्जा करने की रिपोर्ट सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लेखपाल अजीत की तहरीर पर पुलिस ने चौक के अकबरी गेट स्थित गली हमाम निवासी मो. उजैर खान, अकील खलील अहमद अलसैघ और फवाद खलील अहमद अलसैघ व 10 -12 अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की है।

लेखपाल अजीत के मुताबिक बेहसा गांव में गाटा संख्या 299 रकबा 0.126 हेक्टेयर रास्ता और गाटा संख्या 299 मि रकबा 0.126 हेक्टेयर बंजर के रूप में दर्ज है। जो नगर निगम लखनऊ की सरकारी भूमि है। लेखपाल के मुताबिक इस भूमि का संयुक्त सीमांकन एसडीएम सरोजनीनगर के निर्देश पर 23 फरवरी 2026 को राजस्व व नगर निगम की टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में किया गया था। आरोप है कि सीमांकन के बावजूद मो. उजैर खान, अकील खलील अहमद अलसैघ और फवाद खलील अहमद अलसैघ अपने 10 से 12 अज्ञात साथियों के साथ भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य करा रहे हैं। नगर निगम और राजस्व टीम ने कई बार निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने काम बंद नहीं किया। रविवार को दोबारा निर्माण की सूचना मिलने पर लेखपाल और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और निर्माण रोकने को कहा, लेकिन आरोपियों ने धमकी देते हुए काम जारी रखने की बात कही। इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जाम का झाम



अयोध्या रोड स्थित सुषमा हॉस्पिटल से कमता तिराहे तक लगा भीषण जाम। अमृत विचार

# हर्ष फायरिंग करने वाले दो युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रविवार रात को हुआ था सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल
- जानकीपुरम पुलिस ने की कार्रवाई, दादा के नाम बंदूक व रिवाल्वर का लाइसेंस

**अमृत विचार:** जानकीपुरम पुलिस ने हर्ष फायरिंग करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस के मुताबिक हर्ष फायरिंग में प्रयुक्त बंदूक व रिवाल्वर का लाइसेंस आरोपियों के दादा के नाम से हैं। पूछताछ में सामने आया कि वीडियो करीब दो वर्ष पुराना है।

इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी के मुताबिक 9 मार्च को सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग का एक वीडियो वायरल होने की सूचना मिली थी। जांच में वीडियो में फायरिंग करने वाले युवकों की पहचान ग्राम तिवारीपुर निवासी नीरज कुमार रावत (27) और पंकज कुमार (29) के रूप में हुई। इसक बाद पुलिस ने दोनों को गांव से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वायरल किया गया वीडियो दो वर्ष पुराना है। हाथियों की सफाई के बाद चेक करने के लिए हवाई फायरिंग की गई थी। वीडियो में दिख रही बंदूक और रिवॉल्वर उनके दादा शत्रोहन के नाम से लाइसेंसी हैं। पुलिस ने आरोपियों की शांति भंग में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक दोनों के खिलाफ पहले भी वर्ष 2021 में मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज हो चुका है। उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य थानों से भी जुटाई जा रही है।

# एरा मेडिकल कॉलेज के गार्डों पर हमला, 45 पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज इलाके में 19 फरवरी की रात को हुई थी घटना

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज स्थित एरा मेडिकल कॉलेज में 19 फरवरी की रात को गार्डों पर हमला किया गया। वहीं, मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़ किया गया। इस मामले में गार्ड अजीत यादव की तहरीर पर ठाकुरगंज पुलिस ने करीब 19 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

एरा मेडिकल कॉलेज के सुरक्षाकर्मी अजीत यादव के मुताबिक वह 19 फरवरी 2026 की शाम करीब 7:45 बजे एरा मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान सफेद रंग की स्कॉर्पियो (नंबर यूपी-32 जेएच-0155) गेट पर आकर खड़ी हो गई, जिससे मरीजों का आवागमन बाधित होने लगा। जब उन्होंने वाहन को आगे-पीछे लगाने के लिए कहा तो गाड़ी में सवार तीन लोग नीचे उतरकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने सुरक्षाकर्मी के साथी का डंडा छीनकर अजीत यादव को जमीन पर गिरा दिया और बुरी तरह पीटने लगे। इसके बाद उन्होंने फोन कर अपने कई साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में कई गाड़ियों से करीब 40–45 लोग मौके पर पहुंच गए और गार्डों सहित अन्य कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मारपीट में अजीत यादव, मोइनुद्दीन और अमित सिंह सहित कई कर्मचारी घायल हो गए। मोइनुद्दीन को सिर में गंभीर चोट आई है। घायलों का इलाज एरा अस्पताल में कराया गया। हमलावरों ने अस्पताल परिसर, मुख्य मार्ग और एसओ ऑफिस के पास काफी देर तक हंगामा और तोड़फोड़ की। इस दौरान गोली मारने की धमकी दी। घटना को आदर्श सिंह, शुभम यादव और प्रदीप यादव ने अपने 40-45 साथियों संग अंजाम दिया। हमले के कारण अस्पताल में दहशत का माहौल बन गया और गंभीर मरीजों के आने-जाने तथा एम्बुलेंस की आवाजाही भी प्रभावित हुई। बताया गया है कि पूरी घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, गर्भपात कराया

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार:** आशियाना थाने में एक महिला ने प्रेमी व उसकी मां-पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान वह चार बार गर्भवती हुई। चार बार आरोपी ने गर्भपात कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह के मुताबिक आलमबाग में रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है पांच वर्ष पूर्व उसका पति से विवाद होने के बाद उसके पति ने मारपीट कर उसे घर से भगा दिया था। जिसके पश्चात वह बुटीक का कार्य करने लगी। इस दौरान अप्रैल 2023 में कपड़े के शोरूम में नौकरी दिलवाने के नाम पर उसकी मुलाकात आलमबाग कैलाशपुरी निवासी विनय कुमार गुप्ता से हुई।आरोपी विनय ने शादी का झांसा दे कई बार शारीरिक संबंध बनाया। इस दौरान वह चार बार गर्भवती भी हुई लेकिन आरोपी शादी के बाद बच्चा पैदा करने का आश्वासन दे एक निजी नर्सिंग होम में चार बार गर्भपात करा दिया। उसे झांसे में रखा और उसके माता पिता ने रायबरेली में उसका विवाह तय कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने आपत्ति की, तो आरोपी और उसके पिता और माता रामलली ने उसके साथ शादी से साफ इंकार कर दिया। धमकी दिया कि ज्यादा परेशान किया तो जान से मार देंगे। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# युवती की फोटो वायरल करने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जानकीपुरम थाने में बजरगंज दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, रिपोर्ट दर्ज
- आरोपी ले गया था दिल्ली वहीं बनाई थी अश्लील फोटो व वीडियो, धर्मांतरण का दबाव

**अमृत विचार:** जानकीपुरम इलाके की रहने वाली हिंदू युवती को प्रेम जाल फंसाकर नफीस खान पिछले माह दिल्ली ले गया। वहां उसने अश्लील वीडियो और फोटो बनाई। जिसे वायरल करने की धमकी देकर युवती पर धर्मांतरण कर मुस्लिम बनने और निकाह करनेक का दबाव बनाया। विरोध करने पर पीटा। युवती और उसके परिजन ने यह आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की। सुनवाई न होने पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ रविवार रात थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया।

युवती के भाई के मुताबिक नफीस खान जानकीपुरम में ही रहता है। उसने बहन को प्रेम जाल में फंसाकर अपने साथ दिल्ली ले गया। वहां उसने उस पर धर्मांतरण और निकाह करने का दबाव बनाया। विरोध पर मारपीट कर प्रताड़ित करने के साथ ही अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देता था। बहन को घर से निकलने नहीं दिया। किसी तरह बहन वहां से भागकर निकली। इसके बाद उसने फोन पर पूरी जानकारी दी। परिजन दिल्ली पहुंचे और उसे वहां से लेकर आ गए। बहन ने घर नफीस के प्रताड़ना की पूरी जानकारी दी। परिजन इसके बाद 21 फरवरी को आरोपी नफीस के खिलाफ तहरीर लेकर जानकीपुरम थाने पहुंचे। थाने में तहरीर लेकर रख ली पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

### पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, हंगामा

पीड़िता के परिवार के मुताबिक तहरीर देने के बाद लगातार धमकियां मिल रही थी। रविवार रात बजरंगदल कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार थाने पहुंचा। थाने पर धरने पर बैठ गए और हंगामा करने लगे। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। बवाल बढ़ता देख पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया तब थाने से भीड़ हटी।

इंटीग्रल यूनिवर्सिटी | व्यक्तिगत अनुभव साझा कर छात्राओं ने अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त किया

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इंटीग्रल बिजनेस स्कूल और फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और सहभागिता की भावना को मजबूत किया।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उपस्थित प्रतिभागी। अमृत विचार

संस्थापक एवं चांसलर प्रो. सैयद वसीम अख्तर और एडिशनल प्रोचांसलर सैयद अदनान अख्तर के नेतृत्व में संपन्न इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. असमा फारूकी, डीन इंटीग्रल बिजनेस स्कूल और प्रो. ज़ेबा निसार, डीन फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड डिजाइन ने किया। सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए कैंपस वॉक का आयोजन किया गया, जिसने छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत की। मेहंदी डिजाइनिंग और क्रिएटिव टैटू गतिविधियों में छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ओपन माइक प्लेटफॉर्म पर कविताएं, संगीत और व्यक्तिगत अनुभव साझा कर छात्राओं ने अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त किया।

# छात्रों ने प्रस्तुत किया विज्ञान और कला का अद्भुत संगम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कैम्ब्रिज सेक्शन के तत्वावधान में 'बियोन्ड द क्लासरूम: लर्निंग, इनोवेशन एण्ड एक्सीलेंस' कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह में छात्रों ने अपने शैक्षिक अनुभवों, शोध परियोजनाओं एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों को दर्शकों के समक्ष प्रदर्शित किया तो वहीं दूसरी ओर लंदन के एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक की संगीत परीक्षाओं में टॉप करने वाले उदीयमान संगीतकारों की संगीतमय प्रस्तुतियों से दर्शक भावविभोर हो गये। इस अवसर पर छात्रों ने वायलिन, वायोला, क्लैरिनेट एवं ट्रम्पेट आदि विभिन्न वाद्ययंत्रों पर अपनी महारत का प्रदर्शन कर दर्शकों को चकित कर दिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विनय वर्मा ने छात्रों को भविष्य का लीडर बनने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर डीन सुषमा राजकुमार ने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का प्रशंसा किया। कैम्ब्रिज सेक्शन की कोआर्डिनेटर मसीरा आरिफ ने कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता हेतु छात्रों, शिक्षकों व गणमान्य अतिथियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।



संगीतमय प्रस्तुति देते सीएमएस के विद्यार्थी। अमृत विचार

# मौला-ए-कायनात की याद में निकाला गिलीम के ताबूत का जुलूस

## नमाज के बाद मस्जिद-ए-कूफा से निकले जुलूस में हजारों लोग हुए शामिल, आगे चल रहा था जुलूसे शबीह ताबूत का काला बैनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौला-ए-कायनात हजरत अली की शहादत की याद में 19 रमजान की सुबह पुराने लखनऊ में बड़ी अकीदत के साथ गिलीम के ताबूत का जुलूस निकाला गया। सुबह की नमाज के बाद मस्जिद-ए-कूफा से निकले जुलूस में हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए।

मस्जिदे कूफा (रौजा-ए-काजमैन) से निकाला गया यह ताबूत मंसूर नगर, अशर्फाबाद, बिलोचपुरा चौराहा, नक्खास, अकबरी गेट पाटानाला होता हुआ इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले जाया गया। जुलूस को निकलवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया गये थे। जुलूस से पूर्व सुबह 5:07 बजे मस्जिद में कारी ताहिर जाफरी ने फज्र की अजान दी। अजान होते ही मस्जिद परिसर नमाजियों से खचाखच भर गया। मौलाना जहीर अहमद ने सुबह की नमाज पढ़ायी। इसके बाद मौलाना मुत्तकी जैदी ने मजलिस को खिताब किया।

मौलाना ने 19वीं रमजान को हजरत अली पर सुबह की नमाज के दौरान अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने जहर से बुझी तलवार से वार करने का मंजर बयान किया तो अजादार रो पड़े। मजलिस के बाद जैसे ही कंबल में लिपटा ताबूत बाहर आया तो हर तरफ से रोने का शोर सुनाई पड़ा। यह ताबूत धीरे-धीरे अपनी मंजिल के लिए बढ़ने लगा। जुलूस के आगे जुलूसे शबीह ताबूत का काला बैनर चल रहा था और मर्सियाख्वानी हो रही थी।

जुलूस इमामबाड़ा हकीम सैय्यद मोहम्मद तकी पहुंचा, जहां पुरुषों ने ताबूत महिलाओं को सौंप दिया। जिसे वह इमामबाड़े में ले गईं। जुलूस के साथ हजरत अब्बास के अलम भी थे। रास्ते के दोनों ओर ताबूत की जियारत करने वालों का हुजूम था। जुलूस पहुंचने के बाद हुई अलविदायी मजलिस को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया।



मौला-ए-कायनात हजरत अली की शहादत की याद में निकाले गए गिलीम के ताबूत का जुलूस में शामिल हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी। अमृत विचार



जुलूस में शामिल ताबूत को छूने का प्रयास करते मुस्लिम धर्मावलंबी। अमृत विचार

### हजरत अली की शहादत की याद में की गईं मजलिसें

- **अमृत विचार, लखनऊ :** एनुल हयात ट्रस्ट की ओर से आयोजित दीन और हम कक्षाओं के तहत परम्परागत रूप से 19 रमज़ान की पूर्व संध्या पर पहले इमाम हज़रत अली की शहादत की याद में मजलिस का आयोजन किया गया। कश्मीरी मोहल्ला स्थित मिलन मैरिज हॉल में मौलाना यासिर हुसैन, एनके पैलेस में मौलाना अकील अब्बास मारूफी, नैपियर रोड स्थित अलमास मैरिज हॉल में मौलाना मुशाहिद आलम और मौलाना अली हादी तथा विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित गोल्डन पैलेस में मौलाना अली अब्बास खान ने अपने व्याख्यान में हज़रत अली के जीवन, उनकी शिक्षाओं और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। धर्मगुरुओं ने बताया कि हज़रत अली रमज़ान की पवित्र रातों में स्वयं लोगों को इफ्तार और भोजन कराया करते थे तथा लोगों को उपदेश देते थे। इतिहास में उल्लेख मिलता है कि वे स्वयं साधारण भोजन करते थे लेकिन दूसरों को भरपूर खिलाते थे और उनके मार्गदर्शन के लिए उपदेश दिया करते थे। दीन और हम कक्षाओं में हजरत अली के कथनों, उनके व्यक्तित्व और उनकी शिक्षाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### इमामबाड़ा अबुतालिब में ताबूत की जियारत आज

- हसन पुरिया स्थित इमामबाड़ा अख्तर हुसैन में मंगलवार को रात 9 बजे मजलिस होगी। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत होगी। अंजुमन गुंचाए मजलूमियां की ओर से इमामबाड़ा अबुतालिब में मंगलवार को मजलिस होगी। अंजमुन के सचिव इमरान अख्तर ने बताया कि मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद रात 11 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत होगी व अंजुमन नौहाख्वानी करेंगी।

## इनहेलर की दवा खाने की नली में जाएगी तो रोजा टूट जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी शिया हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा 19 रमजान को पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी ने दिए। रोजेदार ने पूछा कोई शख्स रोजे की हालत में इनहेलर कैप्सूल डाल कर लेता है तो क्या रोजा टूट जाएगा? जवाब में बताया गया कि अगर दवा सांस की नली में जा रही है तो रोजा नहीं टूटेगा और अगर खाने की नली में जाएगी तो रोजा टूट जाएगा। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि क्या एतिफाक रमजान के महीने के अलावा भी हो सकता है? इसके जवाब में बताया गया कि एतिफाक रमजान के अलावा दूसरे महीनों में भी हो सकता है। एक रोजेदार ने पूछा कि शब-ए-कद्र में सौ रकत नमाज पढ़ना जरूरी है? इसके जवाब में बताया गया कि शब-ए-कद्र में 100 रकत नमाज पढ़ना बहुत ही सवाब का काम है, चाहे कज़ा नमाज ही पढ़ें।

### सिटी ब्रीफ



बिहार के मौलाना का पुतला जलाते मुख्यमंत्री योगी के समर्थक।

### बलि प्रेक्षागृह में रंगोत्सव का आयोजन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** हेरिटेज एवं इंडो जर्मन स्पेक्ट्रम के सहयोग से अनुज अर्जुन मिश्रा डांस कम्पनी 10 मार्च को राय उमानाथ बलि प्रेक्षागृह में कथक, संस्कृति और नारी शक्ति का उत्सव रंगोत्सव का आयोजन करेगी। कथक गुरु अनुज मिश्रा ने बताया कि भारतीय संस्कृति, कला और नृत्य परम्पराएं सदियों से समाज में सौंदर्य, संवेदना और आध्यात्मिकता का संदेश देती आई हैं। इन्हीं मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज और पंडित रामनारायण के शिष्य और कथक को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने वाले पंडित अर्जुन मिश्र के पुत्र अनुज मिश्र पिता से मिली विरासत को विस्तार देने में लगे हैं। अनुज मिश्र ने बताया कि इस अवसर पर जर्मनी से आईं श्रद्धा मिश्रा भी मौजूद रहेंगी।

### केजीएमयू में कैंडल मार्च निकालकर छात्र को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में एमबीबीएस छात्र एवं रेजीडेंट्स चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकालकर, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के दिवंगत एमबीबीएस छात्र आकाश पाण्डेय को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर छात्रों ने मृतक आकाश के मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई पर जोर दिया। इसके साथ ही, परिवार को कम से कम 2 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और एक सरकारी रोजगार दिए जाने की मांग भी उठाई गई। गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कॉलेज के दिवंगत छात्र को श्रद्धांजलि देने के लिए रेजिडेंट डॉक्टरों ने प्रशासनिक भवन से गेट नंबर-2 तक मार्च किया। वापसी में सभी ने मौन रखकर आकाश कुमार पांडेय को श्रद्धांजलि अर्पित की। छात्रों ने कहा, मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई होनी चाहिए ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिले।

### पावर ऑफिसर एसोसिएशन की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** पावर ऑफिसर एसोसिएशन ने बिजली निगमों में दलित और पिछड़े वर्ग के अभियंता अधिकारियों की समस्याओं और उत्पीड़न की जांच के लिए प्रदेशव्यापी अभियान शुरू किया है। संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के देखरेख में इस अभियान की शुरुआत नोएडा स्थित बिजली गेस्ट हाउस में बैठक के साथ हुई, जहां पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के क्षेत्रीय पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष आरपीकेन, उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर सहित अन्य पदाधिकारियों ने दलित और पिछड़े वर्ग के अभियंता अधिकारियों से बातचीत की। कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के संगठन अध्यक्ष एमके अहिरवार, संगठन सचिव व कोषाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, नरेश भारती, गुलाब सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार गुलेरी, अरुण कुमार, अश्वनी कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 21वीं रमजान को बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चंद्रदर्शन के अनुसार 21वीं रमजान बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन रौजा-ए-नजफ रुस्तमनगर सआदतगंज में सुबह 4 बजे मजलिस पढ़ी जाएगी। इसके बाद हजरतअली के ताबूत का जुलूस निकलेगा।

**• रौजा-ए-नजफ से निकलेगा हजरतअली के ताबूत का जुलूस**

जो रुस्तमनगर से नजफ रोड, छोटे साहब आलम रोड, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज, बिल्लौचपुरा तिराहा, हरी बिल्डिंग (तंबाकू वाली गली), बाजारखाला थाने के सामने होकर टुड़ियागंज, हैदरगंज तिराहा, बुलाकी अड्डा, एवरेडी तिराह होते हुए तालकटोरा स्थित कर्बला पर समाप्त होगी। इस दौरान लोगों की सहूलियत के लिए यातायात व्यवस्था में सुबह 3 बजे से बदलाव किया गया है। यह जानकारी डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने सोमवार देर शाम दी। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी की स्थित में ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर-9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कहां रहेगी रोक, कहां से जा सकेंगे

- रौजा-ए-काजमैन (टापे वाली गली) तिराहे से नजफ इमामबाडा, कल्लू होटल तिराहा, मंसूर नगर तिराहा की तरफ से गिरधारी सिंह इण्टर कालेज होते हुये टूड़ियागंज की ओर की रोक रहेगी, ये वाहन सआदतगंज थाना तिराहा से चौपटिया होकर जा सकेंगे।
- नक्खास तिराहे से टुड़ियागंज तिराहा, बाजारखाला, हैदरगंज तिराहे की ओर रोक रहेगी, ये वाहन नक्खास तिराहे से बांये रकाबगंज पुल या मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) होकर जा सकेंगे।
- रकाबगंज पुल चौराहे से नक्खास की ओर रोक रहेगी, ये वाहन मेडिकल कालेज चौराहा या नाका चौराहा होकर जा सकेंगे।
- टुड़ियागंज तिराहे से गिरधारी सिंह इन्टर कालेज, मसूर नगर, कल्लू होटल तिराहा या बाजारखाला, हैदरगंज तिराहे की ओर रोक रहेगी, ये वाहन नक्खास तिराहे से मेडिकल क्रास (कमला नेहरू क्रांसिग) या रकाबगंज पुल होकर जा सकेंगे।
- लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से टुडियागंज तिराहा, नक्खास या बुलाकी अड्डा तिराहे की ओर रोक रहेगी, ये वाहन ऐशबाग होकर जा सकेंगे।
- बुलाकी अड्डा तिराहे से हैदरगंज तिराहा या मिल एरिया तिराहे की ओर रोक रहेगी, ये वाहन टिकैत राय तालाब, राजाजीपुरम होकर जा सकेंगे।



- मिल एरिया तिराहे से बुलाकी अड्डा या एवरेडी तिराहे की ओर रोक रहेगी, ये वाहन मीना ब्रेकरी, ई-ब्लाक राजाजी पुरम होकर जा सकेंगे।
- एवरेडी तिराहे से मिल एरिया या विक्रम कार्टन मिल तिराहे की ओर रोक रहेगी, ये वाहन भूसामण्डी, मवैया, आलमबाग होकर जा सकेंगे।
- भूसा मंडी तिराहे से एवररेडी तिराहे की ओर रोक रहेगी, ये वाहन मवैया या ऐशबाग रोड होकर जा सकेंगे।
- विक्रम काटन मिल तिराहे से एवररेडी या कर्बला ताल कटोरा की ओर रोक रहेगी, ये वाहन लंगड़ा फाटक ओवरब्रिज, सूर्य नगर राजाजीपुरम होकर जा सकेंगे।
- ई-ब्लाक राजाजीपुरम् तिराहे से कर्बला तालकटोरा की ओर रोक रहेगी, ये वाहन आलमनगर रोड या सूर्यनगर, लगडा फाटक ओवरब्रिज होते हुए को जा सकेंगे।
- आलमबाग की ओर से लगडा फाटक ओवरव्रिज ढाल तिराहे से विक्रम कार्टन मिल, एवरेडी तिराहे की ओर रोक रहेगी, ये वाहन सूर्यनगर, आलमबाग होकर जा सकेंगे।
- मवैया तिराहे से मवैया ओबरब्रिज से एवरेडी तिराहा की तरफ रोक रहेगी, ये वाहन आलमबाग, नाका होकर जा सकेंगे।

### सिटी डायरी



कार्यक्रम में महिला मोर्चा पदाधिकारी व सम्मानित की गई महिलाएं।

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया महिलाओं को सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा महानगर की महिला मोर्चा इकाई ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सरोजिनी नगर आशियाना कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर नेहा सिंह, रश्मि त्रिपाठी, मोना गुप्ता, प्राची पाण्डेय, रेनू श्रीवास्तव, रेनू सिंह, भावना चतुर्वेदी, निर्मला गुप्ता, संगीता पांडेय, डॉ. रितु सिंह तथा कृष्णा अग्रवाल को मुख्य अतिथि अर्चना मिश्रा ने स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष कल्पना तिवारी, महानगर अध्यक्ष सीता नेगी, पूजा मिश्रा, अर्चना साहू, शिवांगी सिंह, दीक्षा गुप्ता, नीलू श्रीवास्तव, माधवी सिंह, ऊषा द्विवेदी, पूनम सिंह, रंजना शुक्ला, रानी गुप्ता, रिंकी पांडेय, रोशनी मौजूद रहीं।



हरिनाथ पाण्डेय को विदाई देते आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह।

### विधि परामर्शदाता को दी विदाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र आवास एवं विकास परिषद के विधि परामर्शदाता सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय हरिनाथ पाण्डेय को कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनका चयन उप्र लोक तथा निजी सम्पत्ति क्षति वसूली अधिकरण में अध्यक्ष के पद पर हो गया है। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने सोमवार को उन्हें मुख्यालय में विदाई के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना शुभकामनाएं दीं। विधि परामर्शदाता के रूप में उन्होंने परिषद में लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में भूमि अर्जन, सम्पत्ति, प्रशासन, अनुशासन सम्बंधी अनेक वाद में परिषद की प्रभावी पैरवी कराने के साथ प्रकरणों के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



महापौर को गुलदस्ता देते व्यापारी।

### महापौर से मिले व्यापारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की लखनऊ इकाई के अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन मंत्री श्याम मिश्रा के नेतृत्व में तालकटोरा रोड आलमबाग के दुकानदारों के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर सुषमा खर्कवाल से भेंट की। इसमें किराए में व्याप्त विसंगतियों के उनके द्वारा की जा रही स्थायी समाधान की ठोस पहल का स्वागत किया। उन्हें होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष मंगलेश मिश्रा, चरण सिंह, पंकज मेहंदी रत्ता कमलिया, सुनील गुलवानी, शमसुद्दीन, सरदार जितेन्द्र सिंह, जसपाल सिंह आदि व्यापारी उपस्थित रहे।




पोषण पोटली लिए मरीज, साथ में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी।

### पुष्टाहार पोटली दी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी लखनऊ शाखा ने सोमवार को टीबी हॉस्पिटल ठाकुरगंज में गोद लिए टीबी (क्षय रोग) मरीजों को पुष्टाहार पोटली का वितरण किया। सचिव अमरनाथ मिश्र ने मरीजों को समय पर दवा लेने, पौष्टिक आहार करने और डॉक्टरों के निर्देशों का नियमित पालन करने के लिए प्रेरित किया। इसमें ऋतुराज रस्तोगी, आलोक सक्सेना, मनोज तिवारी, हरिराम, मनीष शुक्ला उपस्थित रहे।

त्योहार

**प्रदेश के कई जिलों और शहरों से आए लोग भी हुए शामिल**

## अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा ने किया होली मिलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा की लखनऊ महानगर इकाई ने शनिवार को उमराव सिंह धर्मशाला डालीगंज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरज बोरा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से आपसी संबंध और अधिक मजबूत होते हैं।

राज्यमंत्री नटवर गोयल ने अपना शुभकामना संदेश भेजा। इसके बाद समाज के लोगों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में बीबीडी ग्रुप के चेयरमैन विराज सागर दास, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तरुण कमलापुरी, प्रदेश अध्यक्ष जग प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता कानपुर वाले, लखनऊ महानगर अध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, महामंत्री गौतम गुप्ता, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, शिव कुमार मित्तल, हरि प्रसाद गुप्ता, पवन गुप्ता पलालु शामिल हुए।



होली मिलन समारोह में विधायक डॉ. नीरज बोरा और समाज के लोग। अमृत विचार

### संगठन पदाधिकारियों की बैठक भी हुई

- संगठन के महामंत्री रवि गुप्ता ने बताया कि समारोह की शुरुआत से पहले संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी की। युवा टीम से अध्यक्ष संजय गुप्ता और महामंत्री अंकुर गुप्ता और महिला प्रदेश विंग अध्यक्ष अंजनी गुप्ता और उनकी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग किया। प्रदेश प्रवक्ता महेश गुप्ता ने बताया कि गोंडा, मनकापुर, मसकनवा, गौरा चौकी, सिकंदरपुर, हथियागढ़, अयोध्या मण्डल, बनारस जौनपुर केराकत, कानपुर, उतरौला बलरामपुर, सादुल्ला नगर, कानपुर नगर, उनाव, शुक्लागंज, बभनान, गोरखपुर मण्डल, अवध क्षेत्र, प्रयागराज के लोग भी शामिल हुए।

## सिटी ब्रीफ

### पुरुष आयोग के गठन के लिए रैली आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुरुष सहयोग आंदोलन उत्तर प्रदेश द्वारा पुरुषों के अधिकारों की रक्षा करने और पुरुष आयोग के गठन की मांग को लेकर आज रैली निकाली जाएगी। यह रैली पारिवारिक न्यायालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक दिन में 11 बजे निकाली जाएगी। संगठन के डॉ. एसएस मौर्य का कहना है कि समाज में पुरुषों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है और उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग की जाएगी की कि पुरुषों आयोग का गठन कर पुरुषों के अधिकारों की रक्षा की जाए। उनका कहना है कि यह आंदोलन तब तक चलेगा जबतक सरकार पुरुष आयोग के गठन की मांग स्वीकार नहीं कर लेती।

### जेंडर संवेदनशीलता पर कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में महिला एवं जेंडर अध्ययन संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। जिसका उद्देश्य समाज में जेंडर संवेदनशीलता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं व वृद्धाश्रम में रहने वाली महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से रही, जिससे विभिन्न पीढ़ियों के बीच संवाद और अनुभवों का आदान-प्रदान संभव हुआ। कार्यक्रम का समन्वय संस्थान की समन्वयक डॉ. मनीनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

### गिव टू गेन का बीबीएयू में हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गिव टू गेन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को केवल पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि जब महिलाओं को शिक्षा और अवसर मिलते हैं, तो पूरा परिवार आगे बढ़ता है और समाज भी मजबूत बनता है। कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने कहा कि आज भी समाज में जेंडर इक्वालिटी को पूरी तरह स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। प्रो. आभा मिश्रा ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी।

### हैंडबॉल टीम के लिए ट्रायल 15 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** खेल विभाग की देखरेख में आयोजित होने वाली ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष और महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता 17 से 19 मार्च तक आयोजित की जाएगी। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता अमेठी स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में और महिला वर्ग की प्रतियोगिता बलरामपुर में आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए लखनऊ मंडल की पुरुष और महिला हैंडबॉल टीमों के गठन हेतु चयन ट्रायल 15 मार्च को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ जन्मतिथि प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। बिना वैध आयु प्रमाण-पत्र के किसी भी खिलाड़ी को चयन ट्रायल में शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंडल स्तर पर चयनित पुरुष और महिला दोनों टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। चयन ट्रायल समिति में उपक्रीड़ाधिकारी राजेश कुमार गौड़, जिला हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ. सुमंत पाण्डेय, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक मो. तौहीद और अंकिता रत्न शामिल हैं।

### अखिल इंफ्रा ने दर्ज की शानदार जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** 21वीं बाबू बनारसी दास ए डिवीजन क्रिकेट लीग में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हरा दिया। मैच में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए अभिषेक रोशन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मुकाबले में यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 121 रन बनाए। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 37 रन के स्कोर पर आधी टीम पवेलियन लौट गई। यूपी टिंबर की ओर से रिजुल पटेल ने 32, कप्तान हसन अख्तर ने 27, आतिफ साजिद ने 12 और रितिक ने 10 रन का योगदान दिया। अखिल इंफ्रा की ओर से गेंदबाजी में अभिषेक यादव और पवन सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि शाश्वत कृष्णा ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी अखिल इंफ्रा की टीम ने 19.5 ओवर में पांच विकेट खोकर 122 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक रोशन ने शानदार नाबाद 53 रन बनाकर जीत की नींव रखी।

# लखनऊ मेट्रो चैंपियंस ने जीता इंटर रीजन टी-20 का खिताब

## शशांक बने मैन ऑफ द मैच, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बैटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ मेट्रो चैंपियंस की टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पर्थ रिपब्लिक ग्राउंड पर खेले गए इंटर रीजन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में लखनऊ मेट्रो चैंपियंस ने अयोध्या अवेंजर्स को 21 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। डे-नाइट खेले गए इस मुकाबले में लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच पर शुरुआत से ही पकड़ बनाए रखी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ मेट्रो चैंपियंस ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाए। टीम को तेज शुरुआत देते हुए सलामी बल्लेबाज शशांक ने मात्र 31 गेंदों में 57 रनों की धुआंधार पारी खेली। कप्तान आरिफ हुसैन ने 37 रन और राहुल कनौजिया ने 27 रन बनाकर टीम के स्कोर को मजबूत आधार दिया। अयोध्या अवेंजर्स की ओर से विकास यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट हासिल किए।

187 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अयोध्या अवेंजर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में 165 रन ही बना सकी। टीम की ओर से विवेक वर्मा ने 44 रन और कप्तान सुमित वर्मा ने 43 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। लखनऊ की ओर से पवन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए।

- फाइनल में अयोध्या अवेंजर्स को 21 रनों से हराया

लखनऊ मेट्रो चैंपियंस के सलामी बल्लेबाज शशांक को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बैटर के खिताब से भी सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# राज्यपाल ने प्रशिक्षक राहुल और आसिफ रजा को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में खेल विभाग के दो क्रिकेट प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के क्रिकेट कोच आसिफ रजा खान और चौक स्टेडियम के क्रिकेट कोच राहुल कुमार शामिल रहे। राज्यपाल ने दोनों प्रशिक्षकों को प्रदेश के आठ विश्वविद्यालयों के बीच आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजित कराने में उनके शानदार योगदान और कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रशिक्षकों की मेहनत और समर्पण से युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा मिलता है और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान खेल जगत से जुड़े कई लोग भी मौजूद रहे। राज्यपाल ने प्रशिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलता है।



क्रिकेट प्रशिक्षक को सम्मानित करती राज्यपाल। अमृत विचार

# एआई से लेकर सूचना प्रौद्योगिकी तक है संस्कृत प्रासंगिक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कहा कि संस्कृत भाषा धर्म और जाति से अलग भारत की सांस्कृतिक भाषा है। आज भी यह भाषा कंम्प्यूटर से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तक के लिए सर्वाधिक उपयुक्त भाषा है। ग्लोबल संस्कृत फोरम एवं संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित तृतीय वैश्विक विदुषी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर चार विशिष्ट व्याख्यान सत्रों का आयोजन किया गया।

सत्र की अध्यक्षता आर्य कन्या पीजी कॉलेज, लखीमपुर खीरी की आचार्या प्रो. सुरचना त्रिवेदी ने की उपाध्यक्षता डॉ. दीप्ति विष्णु ने निभाई। नौ विदुषियों ने "शक्ति अपनी पूर्णकला में स्फुरित" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार शतपथी, डॉ. शोभाराम दुबे, डॉ. नमिता निगम, प्रो. वंदना द्विवेदी, प्रो. शालिनी साहनी ने शोध पत्रों का वाचन किया।

# भारतीय टीम का कैंप आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जॉर्जिया पैरा जूडो वर्ल्ड कप की तैयारी तेज

**अमृत विचार :** जॉर्जिया में होने वाले आईबीएसए जूडो वर्ल्ड कप के लिए भारतीय पैरा जूडो टीम की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भारतीय पैरा जूडो टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार से लखनऊ के हजरतगंज स्थित पैरा जूडो अकादमी में शुरू हो रहा है। देशभर से दिग्गज पैरा जूडो खिलाड़ी राजधानी पहुंचकर इस कैंप में हिस्सा लेंगे और 19 मार्च तक यहां अभ्यास कर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देंगे।

इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के चीफ कोच मुनव्वर अंजार ने बताया कि जॉर्जिया में आयोजित होने वाले आईबीएसए जूडो वर्ल्ड कप के मुकाबले 20 से 27 मार्च तक खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ी पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे। उन्होंने बताया कि कैंप में कुल 18 सदस्य शामिल होंगे, जिनमें खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ मौजूद रहेगा। खास बात यह है कि इस शिविर में पैरालंपिक में हिस्सा ले चुके खिलाड़ी भी शामिल होंगे, जिससे भारतीय टीम की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

कैंप में उत्तर प्रदेश के दो खिलाड़ियों धर्मवीर और गुलशन को भी जगह मिली है। दोनों खिलाड़ी कैंप में अभ्यास कर विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को धार देंगे।

### कैंप में शामिल सदस्य

- कपिल परमार, देवेंद्र यादव (मध्य प्रदेश), विजेंद्र (हरियाणा), हसन अली (तेलंगाना), संदीप सिंह, अविदश शर्मा, डिंपल (दिल्ली), धर्मवीर, गुलशन (उत्तर प्रदेश), रेनुका सालवे (महाराष्ट्र), दीपक रानी, कोकिला (हरियाणा)।
- मुख्य कोच – मुनव्वर अंजार (लखनऊ)

# लविवि में वरिष्ठ आचार्य पदोन्नति प्रक्रिया को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक में वरिष्ठ आचार्य (सीनियर प्रोफेसर) के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में यूजीसी विनियम 2018 के अंतर्गत प्रोफेसर से वरिष्ठ प्रोफेसर पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित दिशानिर्देशों पर विचार-विमर्श किया गया और उन्हें विश्वविद्यालय में लागू करने की स्वीकृति प्रदान की गई। निर्णय के अनुसार वरिष्ठ आचार्य के चयन के लिए एक चयन समिति का गठन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता कुलपति करेंगे। समिति में कुलाधिपति के नामित एक वरिष्ठ शिक्षाविद, कुलपति द्वारा अनुमोदित पैनल से तीन विषय-विशेषज्ञ, संबंधित संकाय के अधिष्ठाता तथा विभागाध्यक्ष या विभाग के वरिष्ठतम प्रोफेसर शामिल होंगे। यदि अभ्यर्थी आरक्षित वर्ग से होगा तो उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले एक शिक्षाविद को भी समिति में शामिल किया जाएगा।

# देश की संस्थाएं अवसरों की प्रयोगशालाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, वल्लभ विद्यानगर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित किया। गुजरात के आनंद स्थित एनएच पटेल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित "इंडिया 2026: वन नेशन, वन डेस्टिनी" में मुख्य वक्ता डॉ. अलका सिंह ने कहा कि वर्तमान भारत की संस्थाएं असीम अवसरों और प्रयासों की प्रयोगशालाएं हैं, जहां राष्ट्रीय संवादों के मायने मानवता को जीवंत और पोषित करते हैं। उन्होंने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे, संवैधानिक आदर्शों, स्वतंत्रता और विधि व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की प्रगति केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक, बौद्धिक और नैतिक मूल्यों के समन्वय से निर्मित होती है। डॉ. सिंह ने अपने व्याख्यान में वेदों की ज्ञान परंपरा, विधि और साहित्य के अंतर्संबंध, शिक्षा की भूमिका, अवसंरचनात्मक विकास, सॉफ्ट डिप्लोमेसी तथा समकालीन भारत की प्रमुख पहलें जैसे मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया पर विस्तार से चर्चा की। सेमिनार में विभिन्न देशों और संस्थानों से आए विद्वानों ने भारत के समकालीन विकास, नीतिगत पहलों और वैश्विक भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय एकता, समावेशी विकास और वैश्विक दृष्टि पर अकादमिक विमर्श को सुदृढ़ करना था।

### महिला सशक्तिकरण पर भाषा विवि में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार , लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में व शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। इस अवसर पर बोलते हुए लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा ने कहा कि यह दिवस विश्वभर में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान को सम्मान देने तथा उनके अधिकारों और समान अवसरों की स्थापना के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने महिला सशक्तिकरण, समानता, नेतृत्व तथा समाज में महिलाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में डॉ. आयुष मिश्रा विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। डॉ. विभा सिंह ने महिला सम्मान, समानता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

### जिम्नास्टिक में अव्यांस, धन्व अत्रि और दीक्षांत अव्वल

**अमृत विचार , लखनऊ:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अव्यांस, धन्व अत्रि और दीक्षांत त्यागी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में यश्वी और हिमाद्री ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किए। फ्लोर एक्सरसाइज के बालक अंडर-6 आयु वर्ग में अव्यांस ने 5.80 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। अंडर-8 वर्ग में धन्व अत्रि ने 4 अंक के साथ बाजी मारी। अंडर-10 वर्ग में दीक्षांत त्यागी ने 3.20 अंक प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। बालिका वर्ग की फ्लोर एक्सरसाइज स्पर्धा में अंडर-6 वर्ग में यश्वी ने 3.55 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर-10 वर्ग में हिमाद्री ने 6.10 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

**लविवि** | साप्ताहिक योग शिविर का हो रहा आयोजन

# ध्यान करने से तनाव के हार्मोन कॉर्टिसोल होता है कम




विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के निकट ध्यान का अभ्यास करती छात्राएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ध्यान करने से मन की एकाग्रता बढ़ती, ध्यान का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह मन को शांत करता है और तनाव को काम करता है। आज के समय में काम का दबाव, पढ़ाई का तनाव और व्यक्तिगत समस्याएं व्यक्ति को मानसिक रूप से परेशान कर देती हैं, नियमित रूप से ध्यान करने से मन शांत होता है और नकारात्मक विचार धीरे-धीरे कम होने लगते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिंस विभाग के आयोजित कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ डॉ. अमरजीत यादव ने कहा। विश्वविद्यालय में इंडियन योग फेडरेशन के तत्वाधान में योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

योग सप्ताह के दूसरे दिन विश्वविद्यालय के गौरव स्थल पर ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने ध्यान का अभ्यास किया। फैकल्टी ऑफ योग के कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि कई वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि ध्यान करने से कॉर्टिसोल का स्तर कम हो जाता है जिससे व्यक्ति अधिक शांत और संतुलित महसूस करता है। नियमित अभ्यास से मस्तिष्क की कार्य क्षमता बढ़ती है और स्मरण शक्ति भी बेहतर होती है। ध्यान का प्रभाव मन ही नहीं शरीर पर भी पड़ता है। ध्यान शिविर में योग विभाग के अंकित गौतम, संजना, मनीषा, अर्चना, कृष्ण बिहारी वाजपेई, दिवाकर, श्वेतालिका, पूजा पाठक, सुनीता यादव मोनिका सिंह, विनीत, सविता रंजन, उषा गौतम, आशा रघुवंशी ने भाग लिया।

### ध्यान से होने वाले लाभ

- रक्तचाप नियंत्रित रहता है।
- हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है।
- नींद की गुणवत्ता सुधरता है।
- प्रतिरक्षा प्रणाली में मजबूत होती है।
- अनिद्रा की बीमारी दूर होती है।

## सिटी डायरी



प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय को कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए।

### बच्चों के विकास में मां की भूमिका महत्वपूर्ण: प्रो. मंजुला

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रबुद्ध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिमसें नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के विकास में प्रमुख भूमिका मां की होती है, इसलिए मां का शिक्षित और संस्कारित होना परम आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम रहे जिसमें भारतीयता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, विद्यालय के प्रबंधक मदन मोहन गुप्त, निधि द्विवेदी प्रमुख बालिका शिक्षा, उत्तम कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य गोपाल राम मिश्र के द्वारा कराया गया, कार्यक्रम का संचालन अखिलेश चंद्र पांडेय व ऊषा ने किया।



होली पर्व मनाने के लिए उपस्थित लविवि के शिक्षक ।

### लविवि में शिक्षकों ने मनाई होली

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के ''टीचर्स क्लब'' द्वारा ''होली मिलन समारोह'' का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी रहे। क्लब के अध्यक्ष प्रो. राजीव मनोहर और कोषाध्यक्ष डॉ. विनीत वर्मा ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्प-होली के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. जेपी सैनी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह हमारे अंतर्मन की बुराइयों को मिटाकर प्रेम और सद्भावना के रंग बिखेरने का अवसर है। इस अवसर पर कला संकायाध्यक्ष प्रो. अरविन्द मोहन, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. शीला मिश्रा समेत समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।




जूट की मार्केटिंग पर छात्रों को बताती हुई विशेषज्ञ।

### डिजिटल मार्केटिंग अनिवार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के उद्यमिता विकास केंद्र ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए डिजिटल मार्केटिंग प्रबंधन विकास कार्यक्रम आरंभ किया। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो. हैदर अली ने कहा कि आज के दौर में डिजिटल मार्केटिंग एमएसएमई के लिए अनिवार्य है। विश्वविद्यालय उद्यमिता माइंडसेट विकसित करने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। मुख्य अतिथि एमएसई के राजन यादव ने एमएसएमई के पांच स्तंभों क्रेडिट गारंटी, वेंडर डेवलपमेंट, तकनीकी उन्नयन, उद्यमिता एवं कौशल विकास का उल्लेख किया।




बीबीएयू में आयोजित खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र।

### खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स इवेंट 2025-26 के समापन सत्र के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर रिले, शॉट पुट तथा डिस्कस थ्रो जैसी विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाओं के प्रारंभिक चरण संपन्न हुए।